# राजस्थान समसामयिकी अगस्त, 2022

# राजस्थान समसामयिकी अगस्त , 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 1 August, 2022

- **बड़ी सादड़ी-मावली, उदयपुर ब्रॉडगेज रेलमार्ग का उद्घाटन हुआ, चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन भी वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनेगा—**

31 जुलाई, 2022 को बड़ी सादड़ी-मावली, उदयपुर रेलमार्ग का उद्घाटन रेल मन्त्री अश्विनी वैष्णव ने किया। पहले यहाँ मीटरगेज रेलमार्ग संचालन में था। इसके उद्घाटन के साथ ही चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की भी घोषणा की गई।

- **कोटा के श्रीनाथपुरम स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक बनेगा; यह राजस्थान का पाँचवाँ ट्रेक होगा, इस पर ₹ 7 करोड़ खर्च होंगे—**

31 जुलाई, 2022 को कोटा के श्रीनाथपुरम स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक का शिलान्यास किया गया। इस ट्रेक के बनने से लगभग 800 से अधिक एथलीटों को प्रैक्टिस करने में मदद मिलेगी। इसका शिलान्यास लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मन्त्री शांति धारीवाल ने किया। यह सिंथेटिक ट्रेक राजस्थान का पाँचवाँ ट्रेक होगा और इसके निर्माण पर लगभग ₹ 7 करोड़ खर्च किए जाएंगे। कोटा में 400 मीटर के बनने वाले सिंथेटिक ट्रेक के निर्माण की स्वीकृति केन्द्रीय खेल मन्त्रालय ने दी है। राज्य में इससे पूर्व के चार (4) सिंथेटिक ट्रेक जयपुर, जोधपुर, चूरू और श्रीगंगानगर में बने हुए हैं।

## News Paper of 2 August, 2022

- **जी-20 शिखर सम्मेलन का पहला सत्र दिसम्बर, 2022 में उदयपुर में होगा—**

जी-20 समूह देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी पहली बार भारत को मिली है। इस सम्मेलन का दिसम्बर, 2022 में आयोजित पहला सत्र उदयपुर में होगा तथा बाद के अन्य सत्र देश के अन्य कई शहरों में होंगे। जी-20 समूह में निम्न देश शामिल हैं—

- ♦ अर्जेंटीना
- ♦ इटली
- ♦ ऑस्ट्रेलिया
- ♦ जापान
- ♦ ब्राजील
- ♦ मेक्सिको
- ♦ कनाडा
- ♦ रूस
- ♦ चीन
- ♦ सऊदी अरब
- ♦ यूरोपियन यूनियन
- ♦ दक्षिण अफ्रीका
- ♦ फ्रांस
- ♦ कोरिया गणराज्य
- ♦ जर्मनी
- ♦ तुर्की
- ♦ भारत
- ♦ यूनाइटेड किंगडम (UK)
- ♦ इंडोनेशिया
- ♦ संयुक्त राज्य अमेरिका

- राजस्थान में अब RTO सम्भाग बस अड्डा प्रबन्धक, DTO जिला बस अड्डा प्रबन्धक व रोडवेज के मुख्य प्रबन्धक बस अड्डा प्रबन्धक होंगे—

हाल ही में राज्य सरकार द्वारा राज्य बस टर्मिनल विकास प्राधिकरण के कार्यों के लिए परिवहन विभाग व रोडवेज के अधिकारियों को पदनाम नामित किए गए हैं। अब आरटीओ सम्भाग, बस अड्डा प्रबन्धक डीटीओ, जिला बस अड्डा प्रबन्धक व रोडवेज के मुख्य प्रबन्धक बस अड्डा प्रबन्धक होंगे। अब रोडवेज, स्वायत्त शासन व पंचायती राज के बस अड्डे बस प्राधिकरण के अधीन आएँगे।

## News Paper of 4 August, 2022

- **राजस्थान में 7-8 अक्टूबर को 'इन्वेस्ट राजस्थान' निवेश सम्मेलन होगा—**

राजस्थान में 7-8 अक्टूबर को 'इन्वेस्ट राजस्थान' निवेश सम्मेलन होगा। दो दिन चलने वाले इस सम्मेलन में 7 अक्टूबर को विभिन्न सभागारों में एन.आर.आर. सत्र, स्टार्टअप कॉनक्लेव, टूरिज्म कॉनक्लेव, एग्री बिजनेस कॉनक्लेव, एक्सप्लोरिंग इन्वेस्टमेंट इन फ्यूचर रेडी सेक्टर्स आयोजित किया जाएगा तथा 8 अक्टूबर को एमएसएमई कॉनक्लेव आयोजित होगा।

- **युवाओं के लिए राजस्थान में नई राज्य युवा नीति बनेगी—**

हाल ही में सरकार की घोषणा के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नई 'राज्य युवा नीति' शीघ्र ही बनेगी। इसके

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अन्तर्गत युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

नई युवा नीति से सम्बन्धित प्रमुख तथ्य—

- नई युवा नीति का उद्देश्य है कि प्रदेश के युवा अपनी ताकत को पहचानें तथा देश एवं राज्य के निर्माण में भागीदारी दें।
- इस नीति में युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, कौशल एवं सामाजिक मूल्यों से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।
- राज्य सरकार की ओर से युवाओं के लिए वर्तमान में विभिन्न योजनाएँ एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## News Paper of 6 August, 2022

- **उदयपुर में एयरकार्गो कॉम्प्लेक्स बनेगा—**

हाल ही में हुई राज्य सरकार की घोषणा के तहत उदयपुर में शीघ्र ही एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स बनेगा। इसके लिए भारत सरकार के विमानन मन्त्रालय से सैद्धान्तिक अनुमति मिली है। यह कार्गो कॉम्प्लेक्स राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसीको) द्वारा संचालित किया जाएगा।

उदयपुर में एयरकार्गो कॉम्प्लेक्स से निम्न लाभ होगा—

- उदयपुर से हस्तशिल्प, इमारती पत्थर, खनिज उत्पादन और फल एवं सब्जियों के निर्यात तथा शादी-विवाह और स्थानीय उद्योग की आपूर्ति के लिए आयात की खासी सम्भावनाएँ हैं।
- उदयपुर में कार्गो कॉम्प्लेक्स बनने पर यहाँ से विभिन्न सेवाओं के लिए आयात और निर्यात की सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।
- राजसीको के वर्तमान चैयरमेन राजीव अरोड़ा हैं।

## News Paper of 8 August, 2022

- **राजस्थान सम्पर्क पोर्टल : समस्याओं के निस्तारण में बारां जिला अव्वल रहा—**

राजस्थान सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से जन समस्याओं का निराकरण किया जाता है। इसके लिए कॉल सेन्टर नम्बर 181 पर या ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवानी होती है। शिकायत के बाद सम्बन्धित विभाग के माध्यम से दर्ज समस्या का निराकरण किया जाता है। इन समस्याओं के निस्तारण में जनवरी, 2022 से अब तक बारां जिला अव्वल रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायत का निस्तारण औसतन 11 से 14 दिवस में किया जाता है।

## News Paper of 11 August, 2022

- **RTE में अब बारहवीं तक बालिकाएँ निःशुल्क पढ़ सकेंगी; इनकी फीस इन्दिरा महिला शक्ति निधि से देय होगी—**

हाल ही में हुई राजस्थान सरकार की घोषणा के अन्तर्गत शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत निजी स्कूलों में अध्ययनरत बालिकाएँ अब बारहवीं तक निःशुल्क पढ़ सकेंगी। वर्तमान में आरटीई के तहत प्रवेशित कक्षा 8वीं तक के बच्चों की फीस का पुनर्भरण निजी स्कूलों को सरकार द्वारा किया जा रहा है। अब इन स्कूलों में RTE के तहत पहले से प्रवेशित बालिकाओं की आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए सरकार इन्दिरा महिला शक्ति निधि से कक्षा 12वीं तक की फीस देगी।

- **जयपुर कमिश्नरेट के नए प्रतीक चिह्न (लोगो) का अनावरण हुआ—**

10 अगस्त, 2022 को महानिदेशक पुलिस एम.एल. लाठर ने जयपुर पुलिस (कमिश्नरेट) के नए प्रतीक चिह्न (लोगो) का अनावरण किया। नया लोगो नीले रंग का होगा तथा यह नेम प्लेट के ऊपर लगा होगा।

- **अलवर के जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी), नई दिल्ली की सलाहकार समिति सदस्य के रूप में शामिल हुए—**

हाल ही में अलवर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी को राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) नई दिल्ली की सलाहकार समिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी हिन्दी-राजस्थानी के सुपरिचित लेखक-कवि-अनुवादक हैं। राजस्थानी कविता-संग्रह 'रणखार' के लिए साहित्य अकादमी के युवा पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

- **मतदाता कार्ड को आधार से जोड़ने के अभियान में राजस्थान पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा—**

हाल ही में अगस्त माह में शुरू हुए मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने के अभियान में राजस्थान पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा है। यह अभियान 1 अगस्त, 2022 से शुरू हुआ और इस अभियान में प्रारम्भ के 10 दिनों में लगभग 2 करोड़ 52 लाख से अधिक मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक किए गए हैं जिसमें से राजस्थान में लगभग 55,86,710 से अधिक मतदाताओं ने आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ा है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

मतदाता कार्ड को आधार नम्बर से जोड़ने के लिए राजस्थान में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। फार्म 6-बी के माध्यम से आधार संख्या को पहचान पत्र से जोड़ा जा सकता है। आधार से मतदाता पहचान-पत्र जोड़ना अनिवार्य नहीं है, यह स्वैच्छिक है।

## News Paper of 13 August, 2022

- **1.23 करोड़ लोगों ने एक साथ देश-भक्ति गीत गाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया, एक करोड़ से अधिक स्कूली बच्चे शामिल हुए—**

12 अगस्त, 2022 को 'आजादी के अमृत महोत्सव' के तहत राजस्थान में 1 करोड़, 23 लाख 88 हजार 10 लोगों ने एक समय पर एक साथ देश-भक्ति गीतों का सामूहिक गान कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस आयोजन में राजकीय और निजी विद्यालयों के 1 करोड़ एक लाख 93 हजार 851 बच्चे शामिल हुए। इसका आयोजन 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत शिक्षा विभाग और कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से किया गया।

- **मुख्यमन्त्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत किडनी ट्रांसप्लांट के पैकेज की दर ₹ 3,62,918 से बढ़ाकर ₹ 6,13,823 की गई—**

हाल ही में मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने 'मुख्यमन्त्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' में किडनी ट्रांसप्लांट की दर और पैकेज में बढ़ोत्तरी की है—अब राजस्थान सरकार ने किडनी ट्रांसप्लांट की दर/राशि ₹ 3,62,918 से बढ़ाकर ₹ 6,13,823 कर दी है। इसके अन्तर्गत किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़े पैकेज में फॉलोअप और सुविधा हेतु एक नया पैकेज भी जोड़ा गया है जिससे किडनी ट्रांसप्लांट में पैकेज की संख्या 5 से बढ़कर 6 हो गई है।

## News Paper of 14 August, 2022

- **मधुकर गुप्ता राजस्थान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बने—**

हाल ही में अगस्त, 2022 में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी मधुकर गुप्ता को राजस्थान का निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 5 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु होने तक जो भी पहले हो, रहेगी। मधुकर गुप्ता 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

- **जोधपुर के सालवां कलां गाँव में वीर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण हुआ—**

13 अगस्त, 2022 को केन्द्रीय रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर के सालवां कलां गाँव में वीर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण किया। यह वीर दुर्गादास राठौड़ की 384वीं जयन्ती के अवसर पर किया गया।

दुर्गादास राठौड़ का जन्म 13 अगस्त, 1638 ई. को तथा मृत्यु 22 नवम्बर, 1718 ई. को हुई।

दुर्गादास राठौड़ एक वीर राठौड़ राजपूत योद्धा थे, जिन्होंने मुगल शासक औरंगजेब को युद्ध में पराजित किया था। इन्हें 17वीं सदी में जसवंत सिंह के निधन के पश्चात् मारवाड़ में राठौड़ वंश को बनाये रखने का श्रेय जाता है।

- **प्रो. सुधि राजीव को हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार यूनिवर्सिटी तथा प्रो. संतोष कुमार सिंह को राजस्थान तकनीकी यूनिवर्सिटी, कोटा का कुलपति नियुक्त किया गया—**

13 अगस्त, 2022 को राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रो. सुधि राजीव को हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार यूनिवर्सिटी तथा प्रो. संतोष कुमार सिंह को राजस्थान तकनीकी यूनिवर्सिटी, कोटा का कुलपति नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक (जो भी पहले हो) के लिए की गई है।

## News Paper of 15 August, 2022

- **गृह मन्त्रालय ने राजस्थान के 2 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की—**

गृह मन्त्रालय ने स्वाधीनता दिवस, 2022 की पूर्व संध्या पर राजस्थान के 2 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक और 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की है।

राष्ट्रपति पुलिस पदक पाने वालों में एडीजी एटीएस-एसओजी अशोक राठौड़ और एडीजी विजिलेंस बीजू जॉर्ज जोसेफ हैं।

- **अलवर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी व उपनियन्त्रक जगदीश कुमार रावत को राष्ट्रपति नागरिक सुरक्षा पदक देने की घोषणा की गई—**

स्वतन्त्रता दिवस, 2022 की पूर्व संध्या पर अलवर जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी व उपनियन्त्रक जगदीश कुमार रावत (सेवानिवृत्त) को राष्ट्रपति नागरिक सुरक्षा पदक देने की घोषणा की गई। इन्हें नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबन्धन में सराहनीय सेवाओं के लिए पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **राजस्थान सरकार ने राजस्थान सब रीजनल इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट बोर्ड का गठन किया—**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान सब रीजनल इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट बोर्ड का गठन किया है। तिजारा (अलवर) विधान सभा क्षेत्र के विधायक संदीप यादव को इस बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है। इस बोर्ड का गठन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की क्षेत्रीय योजना 2041 में समाहित नीतियों और प्रस्तावों के क्रियान्वयन और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गठन के मूल उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस बोर्ड का प्रशासनिक विभाग नगरीय विकास विभाग होगा। बोर्ड के गठन से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (अलवर व भरतपुर) में कार्यरत विभिन्न विभागों, कार्यकारी एजेंसियों के मध्य समन्वय स्थापित हो सकेगा।

## News Paper of 17 August, 2022

- **राजस्थान के 100 राजकीय कॉलेजों में उपभोक्ता क्लब बनाए जाएंगे—**

राजस्थान के 100 राजकीय महाविद्यालयों में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के हनन के प्रति जागरूक करने के लिए उपभोक्ता क्लब बनाए जायेंगे। इस नवाचार को वर्ष 2017 में शुरू किया गया था। इसमें उपभोक्ता क्लब में चयनित कॉलेजों के छात्रों का समूह बनाया जाएगा।

## News Paper of 18 August, 2022

- **देश में सोलर-पवन ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान अव्वल रहा—**

देश में सौर और पवन ऊर्जा के उत्पादन के क्षेत्र में राजस्थान शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारत में सोलर और पवन ऊर्जा के कुल उत्पादन में राजस्थान प्रथम स्थान पर है तथा इसके बाद क्रमशः गुजरात व तमिलनाडु हैं।

**पवन-सौर ऊर्जा उत्पादन में शीर्ष 5 राज्य**

| राज्य | विद्युत उत्पादन (मिलियन यूनिट में) |
|---|---|
| राजस्थान | 11076 |
| गुजरात | 9323 |
| तमिलनाडु | 7849 |
| कर्नाटक | 7222 |
| महाराष्ट्र | 4557 |

- **सम्पर्क फाउण्डेशन का राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् से पाँच वर्ष के लिए एमओयू हुआ; राज्य के लगभग 37 लाख सरकारी स्कूलों के बच्चों के लर्निंग आउटकम में सुधार होगा—**

हाल ही में सरकारी स्कूलों में एफएलएन कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन एवं लर्निंग में सुधार लाने के लिए सम्पर्क फाउण्डेशन का राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के साथ 5 वर्ष का एमओयू हुआ है। इसके तहत फाउण्डेशन द्वारा लगभग 37 लाख से अधिक बच्चों के लर्निंग आउटकम में सुधार होगा।

फाउण्डेशन कक्षा 1 से 5 के छात्रों के गणित, अंग्रेजी तथा कक्षा 6 से 8 के छात्रों के विज्ञान विषयों में सुधार का प्रयास करेगा।

- **बीकानेर में देश की पहली मोबाइल डेमोस्ट्रेशन यूनिट लगी; नहर का पानी शुद्ध करेगी—**

हाल ही में अमेरिकी तकनीक की आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट यूनिट देश में सबसे पहले बीकानेर में लगी है। पानी की शुद्धता के लिए अमेरिका की नेनो स्टोन वाटर इंक कम्पनी ने ₹ 4 करोड़ लागत की 125 केएलडी रॉ वाटर ट्रीटमेंट क्षमता वाली मोबाइल डेमोस्ट्रेशन यूनिट (एमडीयू) लगाई है। एमडीयू फिल्ट्रेशन टेक्नोलॉजी पर काम करती है। इसमें 30 नेनो मीटर साइज का मेम्ब्रेन लगा है जो पानी में बैक्टीरिया, वायरस, दुर्गन्ध, मिट्टी के कण और रंग को पूरी तरह अलग कर देता है।

टेस्टिंग बीकानेर में इसलिए की गई क्योंकि यहाँ नहरी पानी की उपलब्धता है।

एमडीयू टैक्निक से पानी ऐसे शुद्ध होता है—

- ♦ फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक की एमडीयू में सिरेमिक की झिल्लियों से गुजर कर पानी शुद्ध होता है।
- ♦ झिल्लियों का आकार 1 एमएम के 10 लाखवें हिस्से से भी छोटा।
- ♦ झिल्लियों को एफआरपी के पाइप में भरा जाता है। नेनो छिद्रों से गुजर कर पानी शुद्ध होता है।
- ♦ सिरेमिक झिल्लियाँ तेल की बूँदों, तेल इमल्शन, कणों, बैक्टीरिया जैसी चीजों को हटा देती है।
- ♦ झिल्ली पानी में तरल पदार्थों को शुद्ध और साफ कर देती है।

## News Paper of 19 August, 2022

- **राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता (पुरुष या महिला वर्ग) में राजस्थान के जूडो खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए स्वर्ण पदक जीता—**

हाल ही में लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर जूडो

प्रतियोगिता (पुरुष या महिला वर्ग) में राजस्थान के जूडो खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए स्वर्ण तथा रजत पदक जीते हैं।

राजस्थान के हेमांग जायसवाल ने 73 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण तथा दिव्यांशु पुरी ने 81 किग्रा. भार वर्ग में रजत पदक जीता।

- **भारत सरकार की संस्था फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया (एएफएसएआई) ने राजस्थान के सभी सर्किट हाउस को 'ईट राइट कैंपस' सर्टिफिकेट दिया—**

हाल ही में राजस्थान के 33 जिलों के सभी सर्किट हाऊस को भारत सरकार की संस्था फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एएफएसएआई) ने 'ईट राइट कैंपस' सर्टिफिकेट से प्रमाणित किया है। इसमें माउण्टआबू स्थित सर्किट हाऊस और ट्रांसिट हॉस्टल, जयपुर को भी शामिल किया गया है। यह सर्टिफिकेट खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने पर दिया गया है।

## News Paper of 20 August, 2022

- **पूर्व भारतीय क्रिकेटर गगन खोड़ा को राजीव गाँधी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया—**

19 अगस्त, 2022 को राजीव गाँधी क्रिकेट क्लब द्वारा पूर्व भारतीय क्रिकेटर, राजस्थान के रणजी कप्तान व बीसीसीआई की सीनियर सलेक्शन कमेटी के सदस्य रहे गगन खोड़ा को राजीव गाँधी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

- **स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में माणिनी कौशिक ने दो स्वर्ण पदक जीते—**

हाल ही में 20वीं राजस्थान राज्य रायफल/पिस्टल चैंपियनशिप, 2022 में जयपुर की माणिनी कौशिक ने व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने यह पदक 50 मीटर रायफल प्रोन महिला प्रतिस्पर्धा और 50 मीटर राइफल 3 पॉजिशन महिला प्रतिस्पर्धा में हासिल किए हैं।

## News Paper of 21 August, 2022

- **मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने सूचना केन्द्र, जयपुर में स्वतन्त्रता सेनानी दीर्घा का उद्घाटन किया—**

हाल ही में मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने सूचना केन्द्र, जयपुर में देश के स्वाधीनता संग्राम के नायकों से जुड़ी प्रदर्शनी दीर्घा का लोकार्पण किया। इस दीर्घा में राजस्थान के विभिन्न अंचलों के स्वतन्त्रता सेनानियों के जीवन से जुड़े प्रसंगों की कहानियाँ प्रदर्शित की गई हैं। इन प्रदर्शनियों का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को आजादी के इन महान् नायकों के त्याग, बलिदान और जीवन दर्शन के सम्बन्ध में जानकारी देकर प्रेरित करना है।

- **मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने जयपुर में राजीव गाँधी सेन्टर फॉर एडवांस टेक्नोलॉजी (आर-कैट) का लोकार्पण किया—**

20 अगस्त, 2022 (राजीव गाँधी जन्म दिवस/सद्भावना दिवस) को मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने जयपुर में राजीव गाँधी सेन्टर फॉर एडवांस टेक्नॉलोजी (आर-कैट) का लोकार्पण किया। आर-कैट राज्य के युवाओं को दुनिया की नवीनतम तकनीकों में दक्ष बनाने का प्रशिक्षण संस्थान है। इसमें प्रतिष्ठित देशी-विदेशी आईटी कम्पनियों के सहयोग से पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## News Paper of 23 August, 2022

- **जयपुर में पहली बार स्टील की सड़क बनना प्रस्तावित—**

हाल ही में राज्य सरकार की घोषणा के तहत राजधानी जयपुर के ओटीएस चौराहे पर स्टील का ब्रिज बनेगा। ब्रिज की 157 मीटर के हिस्से की सतह भी स्टील की बनेगी।

इस तरह राजधानी जयपुर में पहली बार स्टील स्ट्रक्चर से ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। यह ब्रिज 6 लेन का होगा तथा ₹ 150 करोड़ की लागत से बनेगा। यह झूले जैसा अहसास दिलाएगा।

- **राजस्थान में हर पंचायत में वाई-फाई एक्सेस पॉइंट होगा—**

हाल ही में 22 अगस्त, 2022 को स्टेट ब्रॉडबैंड कमेटी की बैठक में हुई घोषणा के तहत राज्य की हर ग्राम पंचायत में एक पब्लिक वाई-फाई एक्सेस पॉइंट स्थापित किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इंटरनेट का उपयोग कर सके। इससे ई-गवर्नेंस को भी गति मिलेगी।

वर्तमान में राजस्थान के लगभग 91 प्रतिशत गाँव ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जुड़ गए है और जल्द ही यह आँकड़ा 100 प्रतिशत को पूरा करेगा।

- **राजस्थान सरकार ने राज्य की अकादमियों एवं आयोगों में अध्यक्ष व अन्य कार्मिकों की नियुक्त की—**

हाल ही में अगस्त, 2022 में राजस्थान सरकार ने राज्य की विभिन्न अकादमियों, समितियों एवं आयोग में अध्यक्ष पदों पर नियुक्ति की है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

श्रम विभाग में समितियों का पुनर्गठन कर राज्य भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक सलाहकार समिति में गजराज खटाणा को अध्यक्ष बनाया है।

**अकादमियां और उनके अध्यक्ष**

| अकादमी | अध्यक्ष |
|---|---|
| राजस्थान ललित कला अकादमी | लक्ष्मण व्यास |
| पं. जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी | इकराम राजस्थानी |
| राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृत अकादमी | शिवराज छंगाणी |
| राजस्थान संस्कृत अकादमी | डॉ. सरोज कोचर |
| राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी | रामकृष्ण शर्मा |
| राजस्थान संगीत नाटक अकादमी | बिनाका मालू |
| राजस्थान उर्दू अकादमी | हुसैन रजा खान |
| राजस्थान साहित्य अकादमी | दुलाराम सहारण |

- **बीकानेर के नाल एयरफोर्स स्टेशन को एंटी ड्रोन ऑपरेशन के लिए नोडल सेन्टर बनाया जाएगा—**

इंडियन एयरफोर्स के पास एंटी ड्रोन गन है तथा एंटी ड्रोन जैमर भी है जो कि पाकिस्तान की तरफ से आ रहे अवैध ड्रोन को जाम कर देंगे। इसके लिए बीकानेर नाल एयरफोर्स स्टेशन को एंटी ड्रॉन ऑपरेशन के लिए नोडल सेंटर बनाया जाएगा। बीकानेर के खाजूवाला, पूगल, बज्जू; दंतौर आदि की सीमा पाकिस्तान से सटी हुई है।

**News Paper of 24 August, 2022**

- **जयपुर चौपाटी का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज—**

हाल ही में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड (RHB) द्वारा विकसित एवं संचालित जयपुर चौपाटी का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। यह अवार्ड मानसरोवर एवं प्रतापनगर दोनों जगह की चौपाटी में 5 महीने में फुट फॉल पर दिया गया है। इनमें नवम्बर, 2021 से मार्च, 2022 के दौरान पहले 5 माह में 6.10 लाख लोगों के प्रवेश को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अन्तर्राष्ट्रीय कीर्तिमान के रूप में मान्यता दी गई है।

**News Paper of 25 August, 2022**

- **राजस्थान में 'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' लागू हुई—**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा बालिका उच्च शिक्षा प्रोत्साहन की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में 'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' लागू की गई है। इस योजना के तहत राजस्थान/प्रदेश की बालिकाओं और महिलाओं को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए संस्थानों की फीस का पुनर्भरण मिलेगा।

**'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' के प्रमुख बिन्दु—**

- इस योजना के तहत प्रतिवर्ष विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे—स्नातक में 16,000, स्नातकोत्तर में 5,300, डिप्लोमा में 10,000, पीजी डिप्लोमा में 3,000 तथा सर्टिफिकेट प्रोग्राम में 2,000 सहित कुल 36,300 बालिकाओं और महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए 14.83 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- ऐसी बालिकाएँ और महिलाएँ, जो विभिन्न कारणों से नियमित रूप से महाविद्यालय और विश्वविद्यालय नहीं जा सकती हैं, उन्हें दूरस्थ माध्यम से उच्च शिक्षा से जोड़ा जाएगा।
- उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ माध्यम अपनाने वाली किशोरियों और महिलाओं के फीस पुनर्भरण हेतु इस योजना के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए सीटों की संख्या का निर्धारण किया गया है।
- इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अनुदानित विश्वविद्यालय, राज्य के राजकीय संस्थान/वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के द्वारा दूरस्थ शिक्षा योजना के माध्यम से अध्ययन कराया जाएगा।
- दूरस्थ शिक्षा से अध्ययन के लिए इन संस्थानों की फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार करेगी।
- मुख्यमन्त्री ने राज्य बजट 2022-23 में 'बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना' लागू करने की घोषणा की थी।

- **राजस्थान में अक्टूबर, 2022 में प्रस्तावित निवेशक शिखर सम्मेलन—'इन्वेस्ट राजस्थान 2022' के तहत नई दिल्ली में विभिन्न कम्पनियों से लगभग 70 हजार करोड़ रुपए के समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए—**

राजस्थान में अक्टूबर, 2022 में प्रस्तावित निवेशक शिखर सम्मेलन 'इन्वेस्ट राजस्थान 2022' के तहत नई दिल्ली में विभिन्न कम्पनियों से ₹ 69,789.93 करोड़ के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। प्रमुख निवेशकों में अवड्डा पावर, ओ2पावर, एसजी पीटीई, असाई इंडिया ग्लास लिमिटेड, सेंट गोबेन, ओकाया, वरुण बेवरेजेज और विप्रो शामिल हैं। निवेशक प्रमुख जिलों में भीलवाड़ा, अजमेर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, जयपुर, उदयपुर, अलवर आदि प्रमुख हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 11,846 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।

एमओयू पर हस्ताक्षर विभिन्न कम्पनियों के निवेशक एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग ने किए।

राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मन्त्री शकुन्तला रावत हैं।

## News Paper of 26 August, 2022

- **राजस्थान के दो शिक्षकों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया—**

हाल ही में 25 अगस्त, 2022 को राजस्थान के राजकीय विद्यालयों के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। यह घोषणा भारत सरकार के स्कूल शिक्षा मन्त्रालय द्वारा की गई है। पूरे देश से राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 46 शिक्षकों का चयन किया गया है जिनमें राजस्थान के दो शिक्षक निम्न हैं—

1. सुनिता गुलाटी (शिक्षिका) – मूक-बधिर बच्चों को शिक्षित करने के प्रयासों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन।
2. दुर्गाराम मुवाल (शिक्षक) – बालश्रम व बाल तस्करी में फँसे बच्चों को मुक्त करवाकर शिक्षा से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन।

राष्ट्रीय पुरस्कार 5 सितम्बर, 2022 को शिक्षक दिवस के अवसर पर दिल्ली में प्रदान किए जाएंगे।

- **राजस्थान की ई-मित्र परियोजना को अवार्ड मिला—**

हाल ही में दिल्ली में आयोजित डीजीटेक कॉन्क्लेव में राजस्थान सरकार को ई-मित्र परियोजना तथा हाईएस्ट नंबर ऑफ सेंसर बेस्ड आईओटी पायलट विलेज अंडर जेजेएम के लिए अवार्ड मिला है। ई-मित्र परियोजना के माध्यम से राजस्थान के प्रत्येक ग्राम स्तर तक नागरिकों को सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं।

- **कुम्भलगढ़ और चित्तौड़गढ़ किलों को 'बेस्ट डेस्टिनेशन इन इंडिया सिल्वर आउटलुक ट्रैवलर अवार्ड, 2022' मिला—**

हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कुम्भलगढ़ और चित्तौड़गढ़ किलों को 'बेस्ट डेस्टिनेशन इन इंडिया सिल्वर आउटलुक ट्रैवलर अवार्ड, 2022' मिला है। यह पुरस्कार केन्द्रीय पर्यटन मन्त्री किशन रेड्डी ने प्रदान किया।

- **राजस्थान में ऑस्कर विजेता फिल्म 'गाँधी' का निःशुल्क प्रदर्शन किया जा रहा है—**

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राजस्थान के थियेटरों में रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित ऑस्कर विजेता फिल्म 'गाँधी' का निःशुल्क प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन 24 अगस्त से 1 सितम्बर के बीच किया जा रहा है।

'गाँधी' फिल्म के निःशुल्क प्रदर्शन के लिए राज्य सरकार का उद्देश्य नई पीढ़ी को गाँधी दर्शन तथा मानव मूल्यों के प्रति जागरूक करना है। 'गाँधी' फिल्म को 8 श्रेणियों में ऑस्कर अवार्ड मिला है। 3 घण्टे 11 मिनट की इस फिल्म में श्री बेन किंग्सले ने महात्मा गाँधी की अविस्मरणीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में कस्तूरबा की भूमिका में रोहिणी हटंगड़ी है।

- **राजीविका ने महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न बैंकों से एमओयू किया; बैंकों में 4,825 बीसी सखी नियोजित होंगी—**

25 अगस्त, 2022 को राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के उपक्रम राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) का विभिन्न बैंकों के साथ समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इसके अन्तर्गत बैंकों में, 4,825 बीसी सखी नियोजित होंगी तथा बैंकिंग कॉरस्पोंडेंस (बीसी) सखी के रूप में ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को बैंक सम्बन्धी सेवाएँ देंगीं।

## News Paper of 28 August, 2022

- **केन्द्रीय जल आयोग ने गंगनहर परियोजना के चरण-1 में डाटा अधिग्रहण आधारित स्वचालन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए राजस्थान सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति दी—**

हाल ही में अगस्त, 2022 में केन्द्रीय जल आयोग ने गंगनहर परियोजना के चरण-1 में डाटा अधिग्रहण आधारित स्वचालन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए राजस्थान सरकार के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस परियोजना पर लगभग ₹1153.54 करोड़ की लागत प्रस्तावित है।

गंगनहर सतलुज नदी पर फिरोजपुर में हुसैनीवाला हैडवर्क्स से शुरू होती है।

इस परियोजना के शुरू होने के बाद जल आपूर्ति से सिंचाई की तीव्रता 79 से 90% तक बढ़ जाएगी। नहर प्रणाली में स्वचालन (ऑटोमेशन) से जल प्रबन्धन में सुधार, समान जल वितरण प्राप्त करने, परिचालन दक्षता बढ़ाने आदि में मदद मिलेगी तथा वर्तमान प्रणाली में 12,000 हैक्टेयर तक अतिरिक्त सिंचाई क्षमता भी उपलब्ध हो सकेगी।

- **राजस्थान हस्तशिल्प नीति, 2022 जारी—**

27 अगस्त, 2022 को राजस्थान सरकार के मन्त्रिमण्डल ने

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

'राजस्थान हस्तशिल्प नीति, 2022' का अनुमोदन किया। इससे हस्तशिल्पियों के उत्थान में कार्य किए जाएंगे। इससे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा हस्तशिल्पियों को सशक्त बनाते हुए राज्य के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। परम्परागत हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा। इससे विलुप्त हो रही हस्तकलाओं को पुनर्जीवित करने के भी प्रयास किए जाएंगे। जिसमें—

हस्तशिल्प की ब्रांड बिल्डिंग, ई-मार्केटिंग के लिए सहायता, सामाजिक सुरक्षा, ऋण की सुविधा, छात्रवृत्ति, मेलों में हिस्सा लेने पर सहायता, क्रॉफ्ट विलेज में सुविधाओं का विस्तार, हैंडीक्राफ्ट पार्क, म्यूजियम, डिजाईन सेंटर, विक्रय केन्द्र के लिए सहायता, डिजाइन बैंक स्थापना जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य होंगे।

प्रत्येक वर्ष दिसम्बर में राष्ट्रीय स्तर के हस्तशिल्प सप्ताह का आयोजन होगा, जिसमें हस्तशिल्पियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## News Paper of 29 August, 2022

- **राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को 5 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले—**

हाल ही में देश में सौर एवं अक्षय ऊर्जा की क्षमता, स्थापना एवं स्थापित क्षमता में सर्वाधिक वृद्धि के लिए राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को 5 राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

पाँच राष्ट्रीय पुरस्कार निम्न के लिए मिले—

♦ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में देश की सर्वाधिक क्षमता स्थापित/स्थापना

♦ अधिकतम सोलर पावर क्षमता की स्थापना

♦ अक्षय ऊर्जा की स्थापित क्षमता में वर्ष 2020-21 में बढ़ोत्तरी

♦ सोलर पावर स्थापित क्षमता वृद्धि और

♦ सर्वाधिक सोलर कृषि पम्पों की स्थापना।

## News Paper of 30 August, 2022

- **राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक-2022 का शुभारम्भ हुआ–**

29 अगस्त, 2022 को राजस्थान में खेल महाकुम्भ राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक-2022 खेल शुरू हुए। मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत ने लूणी में ग्रामीण ओलम्पिक की शुरुआत की। ग्रामीण ओलम्पिक 29 अगस्त से 5 अक्टूबर, 2022 तक आयोजित हो रहे हैं। इसका शुभंकर शेरु है। मुख्यमन्त्री की घोषणा के अनुसार ग्रामीण ओलम्पिक की तरह ही जनवरी, 2023 में शहरों में भी इस तरह के खेल आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के अन्तर्गत राजस्थान के 44 हजार से अधिक गाँव-ढ़ाणियों में 6 खेल (कबड्डी, वॉलीबाल, शूटिंग बाल, क्रिकेट, खो-खो, हॉकी) हो रहे हैं। इसके लिए राजस्थान सरकार ने ₹40 करोड़ बजट आवंटित किया है।

राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित यह ग्रामीण ओलम्पिक दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में शुमार हो रहा है। इसमें भाग लेने के लिए लगभग 30 लाख लोगों ने पंजीकरण करवाया है और लगभग 2.20 लाख टीमें बनी हैं।

राजस्थान सरकार ने राज्य के हर ब्लॉक में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया है।

**राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक-2022 के सम्बंध में तथ्य–**

♦ राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक-2020 का आयोजन-29 अगस्त से 5 अक्टूबर तक—

(1) ग्राम पंचायत स्तर पर — 29 अगस्त, 2022 से 1 सितम्बर, 2022

(2) ब्लॉक स्तर पर — 12 सितम्बर, 2022 से 15 सितम्बर, 2022

(3) जिला स्तर पर — 22 सितम्बर, 2022 से 25 सितम्बर, 2022

(4) राज्य स्तर पर — 02 अक्टूबर, 2022 से 05 अक्टूबर, 2022

♦ शुभारम्भ हुआ — पाल गाँव (जोधपुर) में

♦ शुभंकर — शेरू

♦ थीम साँग — चालो चालो रे साथीड़ा .........

♦ कुल खेल — 06 (कबड्डी, वॉलीबॉल, शूटिंग बाल, क्रिकेट, खो-खो व हॉकी)

## News Paper of 31 August, 2022

- **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उदयपुर के गोवर्धन सागर सिथत पार्क में पन्नाधाय, उदयसिंह और चंदन की प्रतिमाओं का अनावरण किया–**

30 अगस्त, 2022 को केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उदयपुर के गोवर्धन सागर स्थित पार्क में बलिदानी माँ पन्नाधाय, उदयसिंह ओर चंदन की प्रतिमाओं का अनावरण किया तथा पन्नाधाय का पाठ देशभर के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात कही।

- **भारतीय वायुसेना द्वारा राजस्थान स्थित पाकिस्तान बॉर्डर पर देश में बने 'लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर' (एलसीएच) तैनात होंगे–**

हाल ही में किए गए निर्णयानुसार भारतीय वायुसेना द्वारा राजस्थान स्थित पाकिस्तान बॉर्डर पर देश में बने 'लाइट

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कॉम्बैट हैलिकॉप्टर' (एलसीएच) तैनात किए जाएंगे। इनका पहला स्क्वॉड्रन जोधपुर में तैनात होगा जिसमें 10 एलसीएच आएंगे इसकी पहली यूनिट 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना दिवस पर शामिल होगी। यह लड़ाकू हेलिकॉप्टर पुराने रूसी हेलिकॉप्अर एमआइ-35 व एमआई-25 की जगह लेगा।

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने 9 एलसीएच तैयार किए हैं।

इसी वर्ष मार्च 2022 में केबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) ने ₹ 3887 करोड़ की लागत से एलसीएच के 15 लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन (एलएसपी) वेरएिंट की खरीद को मंजूरी दी थी। इन 15 हेलिकॉप्टरों में 10 वायुसेना के लिए और 5 थल सेना के लिए हैं।

**लाइट कॉबैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) की विशेषताएँ–**

- 51.10 फुीट लम्बा व 15.5 फीट ऊँचा
- 5800 किलोग्राम वजन
- 700 किलो के हथियार
- 15 एलसीएच का ऑर्डर
- 2 लोग बैठ सकते हैं
- 268 किमी./घंटा रफ्तार
- 550 किलोमीटर रेंज
- 3 घंटे 10 मिनट उड़ान

**एलसीएच की हथियार क्षमता**

- 20 मिमी. की एम 621 या नेक्सटर टीएचएल-20 टरेट गन
- 4 हार्ड प्वाइंट्स यानी रॉकेट, मिसाइल व बम लगाए जाएंगे
- लेजर गाइडेड रॉकेट लगे रहेंगे
- हवा से सतह व हवा से हवा में मार गिराने में सक्षम
- 4 गुणा 2 मिस्ट्रल की हवा से हवा में मारने वाली मिसाइल
- 4 गुणा 4 ध्रुवास्त्र एंअी टैंक गाइडेड मिसाइल
- क्लस्टर मयूनिशन अनगाइडेड बम व ग्रेनेड लॉन्चर
- अत्याधुनिक एवियोनिक्स से लैंस

- **इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार योजना 9 सितम्बर, 2022 से लागू होगी—**

वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना चल रही है इसमें 121 दिन का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है। इसी की तर्ज पर राजस्थान में 9 सितम्बर, 2022 से इन्दिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू की जा रही है। इस योजना के शुरुआत की घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के उम्मेद स्टेडियम में शहरी विकास कार्यों के लिए आयोजित कार्यक्रम में की।

- **राजस्थान के चार चिकित्सा महाविद्यालयों में फिगरप्रिंट, लैब स्थापित होगी—**

मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के तहत राजस्थान में चार चिकित्सा महाविद्यालयों में शीघ्र ही फिंगरप्रिन्ट लैब स्थापित होगी यह जयपुर, जोधपुर, कोटा एवं उदयपुर में स्थापित होंगी। इनकी स्थापना हेतु राज्य सरकार की तरफ से ₹ 23 करोड़ 40 लाख (प्रत्येक के लिए ₹ 5.85 करोड़) स्वीकृत किए गए हैं।

इन फिंगरप्रिंट लैब के शुरू होने से अपराधिक प्रकरणों के सटीक, प्रभावी तथा त्वरित अनुसंधान में सहायता मिलेगी।

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


संजीव®
47 वर्षों से आपका विश्वसनीय
आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी
राजस्थान में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु
संजीव प्रकाशन
द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें।
संजीव शिक्षक ग्रेड II पेपर-I सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान
संजीव Ist ग्रेड स्कूल व्याख्याता सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन पेपर-I
संजीव D.EL.ED. (BSTC) 2022
संजीव D.EL.ED. (BSTC) 2022 संस्कृत
राजस्थान के लोकप्रिय
Quality Education App
की टीम द्वारा तैयार शिक्षक ग्रेड II
पेपर I व पेपर II सामाजिक विज्ञान के
प्रैक्टिस पेपर्स से तैयारी कर
अपनी सफलता सुनिश्चित करें।
संजीव शिक्षक ग्रेड II पेपर-I 20 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
संजीव शिक्षक ग्रेड II पेपर-II सामाजिक विज्ञान 15 प्रैक्टिस टैस्ट पेपर्स
संजीव 2022-23 राजस्थान सार संग्रह
सुप्रसिद्ध मार्गदर्शक एवं लेखक
मनोहर सिंह कोटड़ा
एस.आर.आँजणा एवं दीपा रत्नू
की सर्वोपयोगी पुस्तकें बाजार में उपलब्ध
वर्ष 2022-23 का नवीनतम संस्करण देखकर खरीदें।
संजीव 2022-23 राजस्थान सामान्य ज्ञान
संजीव वेबसाइट से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क डाउनलोड करें।
प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com
SHAKUN